नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 237 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, बुधवार 6 जुलाई 2022

जनता ही सर्वोपरि रही ढाई साल के कार्यकाल में- प्रकाश चंद्राकर पेज -3 पर

बलराम सिंह ठाकुर के जन्म जयंती पर भाजपा परिवार .... पेज -4 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### सराफा व्यापारी से 33 लाख की लूट



**पलारी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में बाइक सवार बदमाशों ने सोमवार देर शाम एक ज्वैलर्स से 33 लाख रुपए के गहने लूट लिए। ज्वैलर्स दुकान बंद कर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश पहुंचे और कट्टा दिखाकर बाइक की डिक्की में रखे गहने निकाल लिए। डिक्की में 25 किलो चांदी और 250 ग्राम सोने के गहने थे। इसके अलावा 3 लाख रुपए नगद भी थे। व्यापारी ने मामले की शिकायत भाटापारा थाने में की है। हालांकि पुलिस ने अभी तक FIR दर्ज नहीं की है। जानकारी के मुताबिक, भाटापारा निवासी अमन सोनी की तरेंगा-रोहरा मार्ग पर महालक्ष्मी ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। रोज की तरह वह सोमवार शाम करीब 7-8 बजे दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। उनके साथ उनकी बहन भी थी। अभी वे दुकान बंद कर आगे बढ़े थे कि बाइक सवार तीन बदमाश पीछे से पहुंच गए।

## प्लास्टिक के विकल्प

# 30 हजार से ज्यादा महिलाओं को प्लास्टिक बैन होने से मिलेगा नया रोजगार

**रायपुर।** सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के चलते अब लोगों को विकल्पों की तलाश, इसलिए महिलाओं को लोन और सामग्री देकर प्रोत्साहित किया जाएगा, ये सभी सस्ती दर पर बाजार में उपलब्ध होंगे।

सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के चलते राजधानी रायपुर में 30 हजार से ज्यादा महिलाओं को नया रोजगार मिलने जा रहा है। शहरी रोजगार से जुड़े 3 हजार से ज्यादा महिला समूह की महिलाएं अब प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए वैकल्पिक उत्पाद जैसे कपड़े के थैले, कागज के लिफाफे और दूसरे सामान बनाएंगी। इसके लिए महिलाओं को लोन के साथ सामग्री भी दी जाएगी।

दरअसल, कोरोना काल के दौरान शहर में मास्क की कमी को दूर करने के लिए महिला समूहों की मदद ली गई थी। इसके जरिए नगर निगम और स्मार्ट सिटी की पहल को पूरे देश में सराहना भी मिली थी। अब इसी तर्ज पर महिला समूह प्लास्टिक पर असरदार तरीके से बैन लगाने के लिए सस्ते दरों पर वैकल्पिक सामग्रियां उपलब्ध कराएंगी।



### बड़े पैमाने पर शुरू होगी नो प्लास्टिक मुहिम

स्मार्ट सिटी के अफसरों के मुताबिक रायपुर में जल्द ही बड़े पैमाने पर नो प्लास्टिक मुहिम शुरु करने जा रहा है। इसके तहत इस बार स्कूलों को भी नो प्लास्टिक जोन घोषित किया जाएगा। सबसे पहले आत्मानंद स्कूलों को नो प्लास्टिक जोन घोषित किया जाना है। स्कूली छात्र छात्राओं को प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध की मुहिम से भी जोड़ा जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक, रायपुर को प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के केंद्र के रूप में उभारने के लिए एक नई योजना पर काम किया जा रहा है।

प्लास्टिक बैन के साथ वैकल्पिक उत्पादों को बनाने के लिए महिला समूहों को मुहिम से जोड़ा जा रहा है। इसके जरिए उन्हें रोजगार मिलेगा साथ ही शहर भी प्लास्टिक कचरे से मुक्त होगा। - मयंक चतुर्वेदी, कमिश्नर, नगर निगम एवं एमडी स्मार्ट सिटी

### इकोनॉमिक मॉडल जिससे महिला समूहों की होगी आय

अफसरों के मुताबिक नो प्लास्टिक मुहिम के तहत इस बार महिला समूहों को रोजगार से जोड़ने का जो प्लान बनाया गया है। उसके तहत महिला समूहों से बनाए गए प्लास्टिक से निजात दिलाने वाले प्रोडेक्ट के लिए बाजार भी उपलब्ध करवाया जाएगा। ऐसे समूह जो कच्चा माल खुद नहीं खरीद पाएंगे, उन्हें कच्चा माल उपलब्ध करवाया जाएगा, जिसके जरिए वो थैलियां, कागज के कैरी बैग, लिफाफे जैसे उत्पाद बनाएंगी। जिनको बेचने से होने वाली आय से कच्चे माल की लागत निकाली जाएगी।

### कोरोना वेस्ट में 80% तक आई कमी

बीते दो साल में कोरोना की वजह से शहर में प्लास्टिक कचरे का इस्तेमाल बढ़ा है। ज्यादातर होम आइसोलेशन और अस्पतालों के मरीजों ने डिस्पोजल आइटम का उपयोग किया, जिससे प्लास्टिक कचरे में बढ़ोतरी देखी गई थी। हालांकि अब मरीजों की संख्या कम होने से प्लास्टिक वेस्ट में कमी देखी जा रही है। कोरोना काल में राजधानी में हर दिन 70 हजार किलो से ज्यादा प्लास्टिक निकल रहा था। रायपुर शहर में हर साल करीब 30 लाख किलो प्लास्टिक कचरा निकल रहा है।

# झीरम घाटी हत्याकांड में अब हस्तक्षेप याचिका

### नेता प्रतिपक्ष के विरोध में कांग्रेस नेता ने दायर की, कहा- आयोग को निष्पक्षता से काम करने दिया जाए



**बिलासपुर ।** झीरम घाटी हत्याकांड की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग को लेकर कांग्रेस नेता ने हस्तक्षेप याचिका दायर की है। इसमें नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक की जनहित याचिका का विरोध किया गया है और कहा गया है कि आयोग के गठन का उद्देश्य हत्याकांड के पीछे की साजिश को उजागर करना और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना है। ऐसे में आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करने दिया जाए। अब इस मामले की सुनवाई 10 अगस्त को होगी।

कांग्रेस नेता दौलत रोहरा ने अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव और मानस वाजपेयी के माध्यम से हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर कर कहा है कि 25 मई 2013 को परिवर्तन यात्रा में कांग्रेस नेताओं के साथ वे खुद मौजूद थे। उन्होंने जांच आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी गवाही दी है। राज्य सरकार ने झीरम घाटी हत्याकांड के पीछे शामिल लोगों को बेनकाब करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है।

याचिका में आयोग को भंग करने वाली नेता प्रतिपक्ष की जनहित याचिका को खारिज करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच के लिए आयोग को आदेशित किया जाए। सोमवार को हस्तक्षेप याचिका पर चीफ जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी और जस्टिस पीपी साहू की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान हस्तक्षेप याचिका पर नेता प्रतिपक्ष के वकील ने विरोध दर्ज कराया और कानूनी तर्कों पर चर्चा कर आयोग की वैधानिकता पर सवाल उठाए।

### हाईकोर्ट ने आयोग की कार्रवाई पर लगाई है रोक

*11 मई को नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने आयोग की कार्रवाई पर आगामी आदेश तक रोक लगाई है। सोमवार को प्रकरण की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता कौशिक के वकील विवेक शर्मा ने राज्य शासन की ओर से प्रस्तुत जवाब का प्रतिउत्तर (रिज्वाइंटर) देने के लिए 10 दिन का समय मांगा।*

# मुख्यमंत्री की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के बीच हुआ एमओयू

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के सर्किट हाउस में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के आजीविका व्यापार प्रशिक्षण केन्द्र एवं छत्तीसगढ़ शासन के बीच एमओयू हुआ।



### गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में प्रारंभ होगा विश्वविद्यालय का कौशल विकास केन्द्र

### क्षेत्रीय वन उत्पाद की होगी ब्रांडिंग, स्वरोजगार के मिलेंगे अवसर

इसके अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक सामुदायिक केन्द्र या कौशल विकास केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जिले के ग्राम लालपुर में 3 हेक्टेयर भूमि आबंटित कर दी गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए एक बहुत अच्छा अवसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह एमओयू न सिर्फ विश्वविद्यालय के हित में कार्य करेगा, बल्कि यहां के स्थानीय युवाओं और जनजातीय क्षेत्रों के उन्नयन के लिए कार्य करेगा। इसके लिए राज्य शासन हर संभव मदद करेगा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलपति प्रोफेसर श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि यह एमओयू मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दुर्लभ औषधीय प्रजाति से समृद्ध है। साथ ही यहां के निवासी पेड़-पौधे और दुर्लभ जीव जंतुओं एवं औषधियों के जानकार है। उनका विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करने पर न ही सिर्फ इस क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि पूरी मानव जाति का कल्याण होगा।

## मौसम विभाग ने दी चेतावनी

# कई स्थानों पर हो सकती हैं भारी बारिश

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में आज से 8 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दरअसल, उत्तरी छत्तीसगढ़ में बने कम दबाव की वजह से यह बारिश का सिस्टम बना है। आज कुछ जगहों पर अतिभारी बारिश हो सकती है। खासकर उत्तरी और दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में 24 घंटे के दौरान 115.6 से 204.4 मिमी तक पानी बरस सकता है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के लिए सरगुजा व बिलासपुर संभाग के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे यहां अति भारी वर्षा हो सकती हैं।

लालपुर मौसम केंद्र के अनुसार उत्तरी ओडिशा, झारखंड, गंगेटिक और पश्चिम बंगाल के आसपास एक कम दबाव का क्षेत्र बना। सोमवार दोपहर तक यह उत्तरी छत्तीसगढ़ और आसपास सक्रिय हो गया।

# नरवा संवर्धन हमारी पहली प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

### गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध जिला: पर्यटन की संभावना अधिक

**रायपुर।** गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध जिला: पर्यटन की संभावना अधिकमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि सुराजी गांव योजना में नरवा संवर्धन को पहली प्राथमिकता में रखा गया है। नरवा संवर्धन से वाटर रिचार्ज होगा और भू-जल स्त्रोत पुनर्जीवित होंगे। स्थानीय लोगों की निस्तारी की समस्या का समाधान होगा, साथ ही सिंचित रकबे में भी वृद्धि होगी। इसके अलावा सिंचाई रकबा बढ़ाने और निस्तारी पानी की व्यवस्था के लिए सोलर सिस्टम को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने यह बात आज गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के ग्राम गौरेला में आयोजित जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



### मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा गया कि बड़े पैमाने पर मनरेगा के तहत कुएं का निर्माण करें। इससे निस्तारी एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहेगा और गांव में ही रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में गौठान बनाया जा रहा है। इन गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीज पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। जहां लाख, वन औषधि सहित अन्य स्थानीय उत्पादों का प्रसंस्करण होगा।



# लोन दिलाने का झांसा देकर सवा तीन लाख की ठगी

**रायपुर ।** 5 करोड़ रुपए लोन दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 25 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभय काले 51 वर्ष दंतेश्वरी एजेंसी नाम से ऑफिस है। बताया जाता है कि आरएसडी अल्फा फाइनेंस कंपनी का डायरेक्टर आरोपी रविशंकर दुबे ने प्रार्थी को 5 करोड़ रुपए का लोन दिलाने के नाम पर 3 लााख 25 हजार रुपए ऐंठ लिया। जब लोन नहीं दिला पाया तो प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा। आरोपी द्वारा टाल मटोल करने पर प्रार्थी ने मामले की शिकायत देवेन्द्र नगर थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## प्रेस वार्ता.. पूर्व मुख्यमंत्री ने आईटी की कार्यवाही पर कहा

# कई सौ करोड़ का उगाही,आई टी ने जब्त किया दस्तावेज

*रायपुर. एकात्म परिसर में बीजेपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई. प्रेसवार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह, राजेश मूणत सहित अन्य नेता मौजूद रहे. बीजेपी की प्रेसवार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह ने कहा कि 30 जून को छत्तीसगढ़ में IT की बड़ी कार्यवाही हुई है. उन्होंने भूपेश सरकार को भ्रष्ट बताया है. 24 महीने में दूसरी बार यह छापामार कार्यवाही हुई है।*



30 स्थानों पर छापा पड़ा है.सूर्यकांत तिवारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी है. 9.5 करोड़ अवैध रुपए बरामद किए गए हैं. कोरबा में अवैध वसूली सजल राजा है. सरकार के संरक्षण में वसूली हो रही है. सूर्यकांत तिवारी ने 45 करोड़ का अवैध भुगतान किया था. जिसके पुख्ता प्रमाण IT को मिले हैं. कई सौ करोड़ के उगाही करने का दस्तावेज IT ने जब्त किया है. भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई है. मैं 15 साल सीएम रहा. हमारे शासन काल में भी IT का RAID होता था. जैसे राजा वैसे मंत्री हैं. जिस प्रकार सरकार होती है उसी प्रकार अधिकारी भी हो जाते हैं।

### 25 रुपए अवैध प्रति टन टैक्स लेने का कार्य अब भी जारी हैं

रमन सिंह ने आगे कहा कि चार दिन के आईटी के रेड के तार जुड़े हैं. डिप्टी सेक्रेटरी के घर छापे पड़े हैं. ये वही सूर्यकांत तिवारी है जिसके बीमार होते ही मुख्यमंत्री अपनी पूरी ताकत झोक देते हैं। मैं लगातार प्रेस कॉन्फ्रेस में बोल रहा है भूपेश 25 रुपए अवैध प्रति टन टैक्स लेने का कार्य अब भी जारी हैं.आयकर अधिकारी ने जो कागज दिए है उसका उल्लेख है।

## गिरिराज सिंह का दौरा रद्द

# कांग्रेस बोली- गुटबाजी की वजह से नहीं आ रहे, भाजपा का दावा तबीयत ठीक नहीं

**रायपुर.** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का दौरा रद्द हो चुका है । वह 4 दिनों के लिए छत्तीसगढ़ आने वाले थे भारतीय जनता पार्टी की तरफ से तमाम तैयारियां भी गिरिराज सिंह के कार्यक्रम को लेकर कर ली गई थी मगर ऐन मौके पर अब खबर आई है कि गिरिराज सिंह छत्तीसगढ़ नहीं आ रहे। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील शुक्ला ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की गुटबाजी से परेशान होकर और यहां का कार्यक्रम असफल हो इस भय के कारण केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपना दौरा रद्द कर दिया है। जिस प्रकार से भाजपा के नेताओ में आपस में सामंजस्य का आभाव है और जो



स्थिति भाजपा की प्रदेश में है, उसको देखते हुए गिरिराज सिंह को समझ आ गया है कि यह दौरा सुपर फ्लॉप होने वाला है, इस कारण से दौरा रद्द कर दिया है।

### भाजपा का अपना तर्क

कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भारतीय जनता पार्टी की तरफ से दिए गए आधिकारिक बयान में बताया गया है कि केंद्रीय मंत्री की तबीयत ठीक ना होने की वजह से कार्यक्रम रद्द हुआ है । पार्टी ने यह भी दावा किया है कि जल्द ही नया शेड्यूल जारी किया जाएगा और छत्तीसगढ़ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जरूर आएंगे। भाजपा नेताओं के बीच सामंजस्य की कमी या गुटबाजी की बात को कांग्रेसियों की कोरी कल्पना बताया गया है।

### तय था कार्यक्रम

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्य मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार से छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहते। वे चार दिनों तक कोरबा में पार्टी के विभिन्न् कार्यक्रमों में शामिल होने वाले थे।

# महिलाओं की घटती सियासी भागीदारी, हर मोर्चे पर आ रहे बदलाव का संकेत

महिलाओं की सियासी भागीदारी का बदलता परिदृश्य देश में हर मोर्चे पर आ रहे बदलाव को रेखांकित करता है। विशेषकर जमीनी स्तर पर स्त्रियों की मुखर राजनीतिक हिस्सेदारी से हाल के बर्षों में बहुत से सकारात्मक बदलाव भी आए हैं। ऐसे में हाल में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से सतत विकास के लक्ष्यों की प्रगति को लेकर आई एक रिपोर्ट वाकई चिंतनीय है।



> कहना गलत नहीं होगा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी वहां की आम स्त्रियों की सामाजिक-पारिवारिक परिस्थितियों की बानगी भी होती है। राजनीतिक पटल पर आधी आबादी की हिस्सेदारी यह भी बताती है कि उन्हें अपने फैसले लेने का कितना हक है? अपनी प्राथमिकताओं के चुनाव को लेकर कितनी आजादी हासिल है?

चुनाव आयोग और पंचायती राज मंत्रालय से लिए गए आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश में विधानसभा और स्थानीय निकायों में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व घटा है। लोकसभा में महिला प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी में हुए इजाफे के बावजूद विधानसभाओं और पंचायती राज संस्थानों में उनकी संख्या बढ़ने के बजाय घट रही है। उल्लेखनीय है कि परंपरागत ढांचे वाले हमारे समाज में बुनियादी स्तर पर घट रही राजनीतिक भागीदारी महिला जीवन के हर पक्ष पर नकारात्मक असर डालने वाली है।

इसीलिए स्वास्थ्य, शिक्षा, समानता और सुरक्षा जैसे जरूरी मुद्दों को जमीनी हालात के परिप्रेक्ष्य में रखकर समझना और उनका हल तलाशना सबसे ज्यादा जरूरी है। बदलाव की यह बयार नीचे से ऊपर की ओर बहे, तो महिलाओं से जुड़ी कई व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याएं सुलझ सकती हैं। सतत विकास के लक्ष्यों में से एक लक्ष्य महिलाओं के सशक्तीकरण, समाज में समानता और नीति निर्माण में उनकी हिस्सेदारी से गहराई से जुड़ा है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, पंचायती राज संस्थानों में वर्ष 2014 में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 46.14 प्रतिशत था, जो साल 2019 तक घटकर 44.37 प्रतिशत रह गया। शहरी निकायों में यह भागीदारी साल 2019 में 43.16 फीसदी रही है। इतना ही नहीं, महिला मतदाताओं में आई जागरूकता और सजगता के बावजूद चुनावी मैदान में उतरने वाली महिलाओं की संख्या में भी कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में विधानसभाओं की 11 फीसदी सीटों पर महिलाएं काबिज थीं। वर्ष 2020 में भी यह स्थिति कायम रही। लेकिन 2021 में यह हिस्सेदारी घटकर नौ फीसदी रह गई। लोकसभा में हालांकि, महिला सांसदों की हिस्सेदारी बढ़ी है। 2014 में जहां उनके पास 11.42 फीसदी सीटें थीं, वहीं 2019 में यह 14.36 तक पहुंच गई। दरअसल, बड़ी आबादी वाले हमारे देश में सत्ता का विकेंद्रीकरण किए बिना नीतियों और योजनाओं को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना संभव न था।

इसीलिए स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को उपयोगी माना गया। यह सत्ता की कुंजी दूर-दराज् के गांवों से देश की संसद तक ले जाने का माध्यम है। विचारणीय है कि आज भी जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा तो गांवों में ही बसता है। यही वजह है कि संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम में पंचायतों को स्वशासन की संस्थाओं के रूप में काम करने के लिए आवश्यक शक्तियां और अधिकार दिए गए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और जन सामान्य के सबलीकरण हेतु जो कदम पंचायतें स्थानीय स्तर पर उठा सकती हैं, उनकी बराबरी दूसरी नीतियां और योजनाएं नहीं कर सकतीं।

आज भी गांवों में सामुदायिक स्तर पर कई बातों को लेकर जन-जागरूकता की कमी और सामाजिक-आर्थिक मोर्चों पर मौजूद विषमता से जूझने की स्थितियां बनी हुई हैं। इन हालतों से जूझने, बेहतर ढंग से समझने एवं समाधान तलाशने के लिए ही पंचायती राज संस्थानों में 73वें संविधान संशोधन विधेयक के जरिये 1992 में ही कम से कम 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई थीं। कई राज्यों ने इसे बढ़ाकर 50 फीसदी तक भी कर दिया है। ऐसे में स्थानीय राजनीति में आधी आबादी की घटती भागीदारी के ये आंकड़े वाकई चिंतनीय हैं।

कहना गलत नहीं होगा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी वहां की आम स्त्रियों की सामाजिक-पारिवारिक परिस्थितियों की बानगी भी होती है। राजनीतिक पटल पर आधी आबादी की हिस्सेदारी यह भी बताती है कि उन्हें अपने फैसले लेने का कितना हक है? अपनी प्राथमिकताओं के चुनाव को लेकर कितनी आजादी हासिल है? इतना ही नहीं, स्त्रियों की राजनीतिक भागीदारी लैंगिक समानता के हालात को भी सामने रखती है। यह जरूरी है कि आधारभूत स्तर पर उनकी भागीदारी बनी रहनी चाहिए।

मोनिका शर्मा

## संपादकीय

### अब दोष बताना जुर्म है!

निष्कर्ष यह है कि अब सरकार की छवि पर असर डालने वाले किसी प्रकार की घटना को उठाना अपराध समझा जाने लगा है। विचारणीय प्रश्न है कि भारत आखिर कैसा समाज बनता जा रहा है

इस घटना पर ध्यान दीजिए। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में समाजवादी पार्टी के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा अपने क्षेत्र रानीगंज में बन रहे सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे, तो उन्हें शिकायत मिली थी कि निर्माण कार्य में खराब गुणवत्ता वाली चीजों का उपयोग हो रहा है। विधायक ने देखा तो यह शिकायत सही निकली। नवनिर्मित दीवार को जब उन्होंने छूकर देखा, तो वो हिलने लगी और थोड़ा धक्का दिया तो भरभराकर गिर गई। विधायक का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। कुछ ही देर बाद इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण करा रही कंपनी की ओर से विधायक आरके वर्मा और उनके भाई समेत छह लोगों के खिलाफ कंधई थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई। अब वर्मा इस घटना में मुख्य अभियुक्त हैँ। और ऐसा होने का यह पहला मामला नहीं है। वैसे ही तो इस तरह की मिसालें सारे देश में बढ़ती जा रही हैं, लेकिन अगर उत्तर प्रदेश पर ही ध्यान केंद्रित करें, तो ऐसे कई मौके आए हैं जब भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले ही कठघरे में खड़े कर दिए गए हैं। इसी साल अप्रैल में बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक होने संबंधी खबर छापने के मामले में तीन पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

## क्यों गिरता जा रहा है रुपया, क्या हैं इसके मायने, आरबीआई के पास क्या हैं विकल्प

अन्य मुद्राओं के साथ भारतीय रुपया भी लगातार गिर रहा है, क्योंकि इस वर्ष अमेरिकी डॉलर में जोरदार तेजी आई है। प्रति डॉलर के मुकाबले 79 रुपये के स्तर तक गिरने के कारण वर्ष 2022 की पहली छमाही में रुपये में छह प्रतिशत की गिरावट चिंताजनक है। गिरता रुपया मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई को और कठिन बना देता है, क्योंकि रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए दरों को और बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ेगा, जिसके चलते आर्थिक विकास कम होगा।



> अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष-2023 के लिए चालू खाता घाटा भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 2.9 फीसदी से तीन फीसदी तक बढ़ सकता है, जो रुपये पर और दबाव डालेगा। मुख्य बातें और भावनाएं उभरते बाजार की मुद्राओं के खिलाफ हैं।

चूंकि भारत अपनी जरूरतों का 85 फीसदी से अधिक कच्चे तेल का आयात करता है, ऐसे में गिरता हुआ रुपया आयात बिल बढ़ाता है और उच्च मुद्रास्फीति से पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इस वर्ष, मुख्य रूप से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों या एफपीआई द्वारा नियमित रूप से इक्विटी बाजार से धन निकालने, कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के साथ आयात बिल बढ़ने के कारण भारत का व्यापार संतुलन बिगड़ने और दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर में 20 फीसदी से अधिक की मजबूती के कारण रुपये पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

एफपीआई ने इस वर्ष जनवरी से जून के अंत तक भारतीय शेयर बाजार से 28 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है। ब्राजील जैसे कमोडिटी चालित बाजारों को छोड़कर उन्होंने ज्यादातर उभरते बाजारों से धन निकाला है। एफपीआई ने इस साल 2.3 अरब डॉलर के भारतीय बॉन्ड भी बेचे हैं। जाहिर है, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा इतने बड़े पैमाने पर बिकवाली रुपये को और कमजोर करती है। इसके बावजूद मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण रुपये की स्थिति अन्य एशियाई मुद्राओं की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर रही है। हालांकि, व्यापक व्यापार और चालू खाता घाटा (सीएडी) और निरंतर विदेशी पोर्टफोलियो बहिर्वाह के साथ, नीचे की ओर दबाव बढ़ गया है। रिजर्व बैंक ने आधिकारिक तौर पर रुपये के लिए कोई स्तर निर्धारित नहीं किया है। लेकिन उसने रुपये की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप किया है। हाल ही में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भले ही रुपये का स्तर बाजार द्वारा निर्धारित होता है, लेकिन रिजर्व बैंक मुद्रा में मूल्यह्रास की अनुमति नहीं देगा। इसी तरह 24 जून को, डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने एक उद्योग सम्मेलन में भारतीय रुपये के स्तर पर रिजर्व बैंक की नीति के बारे में कहा, %हम इसकी स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे, और हम यह काम निरंतर कर रहे हैं। रिजर्व बैंक में मौद्रिक नीति विभाग की देखभाल करने वाले पात्रा ने जोर देकर कहा कि हाल के दिनों में भारतीय मुद्रा में सबसे कम मूल्यह्रास देखा गया है। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि रुपया कहां तक गिरेगा। यहां तक कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व को भी नहीं पता कि डॉलर कहां जाएगा? लेकिन एक बात ध्यान रखिए कि हम रुपये की स्थिरता के लिए खड़े रहेंगे और ऐसा हम निरंतर कर रहे हैं, यहां तक कि इस समय भी, जब मैं बोल रहा हूं। हम बाजार में हैं। हम रुपये में अव्यवस्थित उतार-चढ़ाव की अनुमति नहीं देंगे। हमारे मन में कोई स्तर नहीं है, लेकिन हम झटकेदार हरकतों की अनुमति नहीं देंगे। ...यह व्यापक रूप से ज्ञात हो कि हम बाजार में रुपये की अस्थिरता के खिलाफ बचाव कर रहे हैं। कुल मिलाकर, अगले कुछ महीनों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के धीरे-धीरे गिरकर लगभग 81 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आने की उम्मीद है।

प्रेम शुक्ल

## मिला जुला

### देश के 117 गणमान्य लोगों का सीजेआई को पत्र

# लिखा- 'नूपुर शर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी से लांघी लक्ष्मण रेखा'

**नई दिल्ली।** नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी की कई पूर्व जजों ने आलोचना की है और भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर इसकी शिकायत की है.

केरल हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रवींद्रन के पत्र में 15 रिटायर्ड जज, 77 रिटायर्ड नौकरशाह, 25 रिटायर्ड आर्मी अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर, उनके स्टेटमेंट का समर्थन किया है. आपको बता दें कि नूपुर शर्मा ने अपने खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में दर्ज सभी मामलों को एक साथ क्लब करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

नूपुर की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि उनका बयान देश भर में आग लगाने के लिए जिम्मेदार है. इस टिप्पणी के बाद रोजाना अलग-अलग संगठन मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर शिकायत कर रहे हैं. केरल हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस पीएन रवींद्रन ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर कहा है कि इस टिप्पणी से सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा लांघ दी है. उनके इस पत्र पर न्यायपालिका, नौकरशाही और सेना के 117 पूर्व अधिकारियों और जजों के दस्तखत हैं.



#### मुख्य न्यायाधीश को भेजे गए पत्र में क्या लिखा है?

**पूर्व** जज जस्टिस पीएन रवींद्रन के पत्र में लिखा है, 'हम जिम्मेदार नागरिक के रूप में विश्वास करते हैं कि किसी भी देश का लोकतंत्र तब तक बरकरार नहीं रहेगा, जब तक सभी संस्थाएं संविधान के मुताबिक अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगी. सुप्रीम कोर्ट के 2 न्यायधीशों ने अपनी हाल की टिप्पणियों में लक्ष्मण रेखा लांघी है और हमें यह बयान जारी करने के लिए मजबूर किया है. दोनों जजों की टिप्पणियों ने लोगों को स्तब्ध किया है. ये टिप्पणियां न्यायिक आदेश का हिस्सा नहीं हैं.

#### सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा मामले में क्या टिप्पणी की?

इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के एक संगठन 'फोरम फॉर ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस' ने भी मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी की आलोचना की है. सुप्रीम कोर्ट ने 1 जुलाई को बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की याचिका (उनके खिलाफ एफआईआर को क्लब करने के लिए लगाई गई याचिका) पर सुनवाई करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं. हालांकि, आदेश की कॉपी में इनका जिक्र नहीं था. बार एंड बेंच ने जस्टिस सूर्यकांत को कोट किया, 'जिस तरह से नूपुर शर्मा ने पूरे देश में भावनाओं को भड़काया है. देश में जो हो रहा है उसके लिए ये महिला जिम्मेदार है. हमने डिबेट देखी कि उन्हें कैसे उकसाया गया. उन्हें पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए.'

## दिल्ली से दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान की कराची में इमरजेंसी लैंडिंग




**नई दिल्ली।** दिल्ली से दुबई के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के विमान की पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। जानकारी के मुताबिक विमान में कुछ तकनीकी खामी आ गई थी, जिसके चलते कराची में विमान को उतारना पड़ा। फ्लाइट में सवार सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं। स्पाइसजेट के इस विमान में 150 से ज्यादा यात्री सवार थे। इन सभी को कराची एयरपोर्ट के लॉन्ज में ठहराया गया है। विमान में आई खामी की इंजीनियरों द्वारा जांच की जा रही है और तकनीकी गड़बड़ी को दूर करने के बाद ही उड़ान भरी जाएगी। उड्डयन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इंजीनियरों की ओर से क्लियरेंस रिपोर्ट मिलने के बाद ही फ्लाइट को आगे के सफर के लिए रवाना किया जाएगा। इस बीच एक अहम जानकारी सामने आई है कि बीते 17 दिनों में यह छठा मौका है, जब स्पाइसजेट के एयरक्राफ्ट में तकनीकी खामी सामने आई है। आज की घटना के साथ ही उड्डयन महानिदेशालय ने पहले हुई 5 घटनाओं की भी जांच शुरू कर दी है।

## लुहांस्क पर रूस की जीत के बाद जानें कहां पर सारी ताकत लगा रही है यूक्रेन की फौज

**कीव।** लुहांस्क पर रूस की जीत का एलान होने के बाद अब यूक्रेन की चिंता बढ़ गई है। अब उसका पूरा ध्यान दोनेत्स्क पर लगा है। इसको बचाने के लिए यूक्रेन की सेना ने अपनी ताकत झोंक दी है। बता दें कि पांच माह के युद्ध के बाद लुहांस्?क को कब?जे में लेने और रूस की जीत का एलान खुद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ही किया था।

## अमेरिका की फ्रीडम डे परेड में फायरिंग

# हमले में 6 की मौत, 31 घायल

**वॉशिंगटन.** अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस (4 जुलाई) पर शिकागो में फ्रीडम डे परेड के दौरान गोलीबारी मामले में 22 साल के संदिग्ध रॉबर्ट ई क्रीमो ।।। को गिरफ्तार किया गया है। क्रीमो एक रैपर है, वह हमला करने के बाद भागने की फिराक में था। पुलिस ने शिकागो हाईवे पर लंबी दूरी तक पीछकर रॉबर्ट को गिरफ्तार किया। जिसके बाद उसने खुद को म्यूजिशियन बताया। कल इलेनॉय राज्य के हाईलैंड पार्क की घटना में 6 लोगों की मारे गए थे, जबकि 31 घायल हो गए थे।



22 साल का संदिग्ध अरेस्ट

परेड सुबह 10 बजे शुरू हुई थी, लेकिन फायरिंग होने के 10 मिनट बाद ही रोक दी गई। इसे देखने के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों को घटनास्थल से दूर रहने को कहा है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर ने एक स्टोर की छत से अंधाधुंध गोलियां चलाईं।

#### 18 से 20 साल का है हमलावर

हाईलैंड पार्क के सिक्योरिटी चीफ क्रिस ओनील ने बताया कि पुलिस संदिग्ध हमलावर की तलाश कर रही है। नील के मुताबिक, हमलावर 18 से 20 साल का एक युवक है। उसका रंग गोरा है और बाल लंबे हैं। वह सफेद या नीले रंग की टी-शर्ट पहने हुए है।

#### हमले में बड़े हथियार के इस्तेमाल की आशंका

शिकागो सन-टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल पर एक शख्स जमीन पर पड़ा था। उसका शरीर कंबल से ढका हुआ था। वहीं, करीब 5-6 लोग खून से लथपथ जमीन पर पड़े हैं। एक स्थानीय निवासी माइल्स जरेम्स्की ने बताया- मुझे 20 से 25 शॉट सुनाई, जो एक के बाद एक लगातार हो रहे थे।

## महाराष्ट्र जीता, शिवसेना पर भी राज किया, अब उद्धव गुट के साथ शांति चाहते हैं एकनाथ शिंदे-भाजपा



**मुंबई।** महाराष्ट्र में फ्लोर टेस्ट के बाद भी कई सियासी प्रक्रियाएं बाकी हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और शिवसेना गुट के बीच जारी राजनीतिक संघर्ष यहीं समाप्त हो सकता है। खबर है कि भाजपा और शिंदे गुट पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ बचे 15 विधायकों की अयोग्यता के लिए दबाव नहीं बनाएगा। दोनों गुटों के बीच तनाव शांत होने के भी कई संकेत मिले हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में भाजपा के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पार्टी शांति चाहती है। नाराजगी शांत होने का एक संकेत सोमवार को सदन की कार्यवाही में भी देखने को मिला, जब उद्धव गुट के नेताओं ने कोई हंगामा नहीं किया। खास बात है कि शिंदे गुट की तरफ से जारी व्हिप नहीं मानने के चलते विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, एक भाजपा नेता ने कहा, 'भाजपा-शिंदे गुट की तरफ से शुरुआत में की गई कड़ी बातचीत शिंदे गुट के खिलाफ उद्धव की अगुवाई वाली शिवसेना की चुनौती का सामना सुप्रीम कोर्ट में करने के लिए एक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा थी।... अब हमने स्पीकर का चुनाव और विश्वास मत दोनों जीत लिए हैं, तो हम शांति चाहते हैं।' एक नेता ने कहा, 'उनके साथ मौजूद आदित्य ठाकरे समेत 15 विधायकों के खिलाफ की गई कोई भी कार्रवाई लौटकर वापस आ सकती है।

# सहारा निवेशक संघ ने गृहमंत्री को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।



सहारा कार्यकर्ता एवम् निवेशक संघ जिला शाखा महासमुंद के प्रतिनिधिमंडल ने आज सर्किट हाउस महासमुंद में माननीय ताम्रध्वज साहू, गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एव प्रभारी मंत्री जिला महासमुंद से सौजन्य मुलाकात करते हुए सहारा प्रबंधन की मनमानी एवम् वर्तमान में कई बार शासन प्रशासन को आवेदन ज्ञापन देने के बाद बड़ी मुश्किल से 50 लाख रुपए की राशि जून 2022 में आई उसे भी प्रबंधन द्वारा एक ही कार्यकर्ता के अधीनस्थ निवेशकों के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया जिससे वे नाखुश है । निवेशक संघ ने मंत्री जी से मांग किया है कि 75 करोड़ की राशि महासमुंद जिले में सहारा को भुगतान करना है उसके एवज में 50 लाख का भुगतान अगर प्रतिमाह नियमित रूप से भी सूची अनुसार किया जाता है तो 15 साल लग जाएंगे इसलिए 1 करोड़ रुपए की राशि मुहैया करवाने पर संघ ने जोर दिया । संघ ने छत्तीसगढ़ चीफ जीवराज सिंह के साथ निवेशक संघ की बैठक करवाए जाने की पुरजोर मांग रखी जिससे दोनों पक्षों के द्वारा पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में सकारात्मक चर्चा करते हुए इसका ठोस निदान निकालकर सभी को भुगतान मिल सके यह व्यवस्था की जानी चाहिए । निवेशक संघ के प्रवक्ता पंकज सोनी ने बताया कि सहारा निवेशक संघ ने आशावादी विचारधारा के अन्तर्गत जिले के माननीय कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक महोदय, माननीय विधायक एवम् शासन प्रशासन के माननीय मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन को अभी तक कई बार ज्ञापन देकर हमारी इस समस्या से अवगत कराया है लेकिन 2016 से सहारा का भुगतान नहीं हुआ है । कई निवेशक साथियों की मृत्यु हो गई, कई दुर्घटनाओं में काल के गाल में समय मौत के मुंह में समा गए । उनके उत्तराधिकारी को भी सहारा प्रबंधन राशि आहरित नहीं कर रही है ।

यह बहुत ही निंदनीय है । संघ द्वारा यह भी बताया गया कि निवेशक संघ द्वारा प्रशासन को चयनित निवेशकों की पहली सूची माननीय कलेक्टर, एसपी साहब को 7 जून को सौप दी गई थी उसके बाद भी सहारा प्रबंधन द्वारा उनकी सूची को ताक में रखकर अपनी मनमर्जी करते हुए एक पक्षीय भुगतान अपने चुनिंदा लोगों को राशि भुगतान की गई है जिसका निवेशक संघ कड़ी भर्त्सना करता है । मंत्री जी से प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया है कि शासन प्रशासन निवेशक संघ द्वारा दी गई सूची के आधार पर सहारा से भुगतान करवाने में अपेक्षित सहयोग करे एवम् जल्द ही जीवराज सिंह जोकि छत्तीसगढ़ राज्य के जोनल चीफ है उनसे महासमुंद कंट्रोल रूम में बैठक करवाने की व्यवस्था की जावे जिससे निवेशक संघ अपनी जायज़ मांगो को उनके सामने रखेगा और सकारात्मक चर्चा से इसका हल निकाल कर सभी निवेशकों को राशि दिलवाई जा सकें । मंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही त्वरित कार्यवाही की जावेगी । इस दौरान संघ के अध्यक्ष राकेश सोनी, कोषाध्यक्ष बिंदु आचार्य, प्रवक्ता पंकज सोनी, कार्यकारिणी सदस्य टे मन चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, सरोजनी सेन, वेद राम सेन, विनोद चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, घनश्याम चंद्राकर एवम् अन्य साथी उपस्थित थे ।

## एक नजर

### डी डी समाचार का कार्यालय नगर पंचायत मारो में शुभारंभ




जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

नगर पंचायत मारो में खबरों को निष्पक्ष और निर्भीक होकर खबरें को आम जनता तक पहुंचाने के क्षेत्रीय संवाददाता का विशेष महत्व होता है ठीक उसी को सार्थक रूप में अमल करने डी डी समाचार ने हमारे नगर पंचायत मारो में स्थानीय कार्यालय का शुभारंभ किया हमें उम्मीद तथा पूर्ण विश्वास है की क्षेत्र की हर छोटी बड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित कर आम जनता की आवाज को बुलंद करने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देंगे इन्ही शुभकामनाओं के साथ डी डी समाचार के नगर पंचायत मारो में कार्यालय शुभारंभ की क्षेत्र वासियों तथा कार्यालय प्रतिनिधि को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई देते हुए आए अतिथियों में पूर्व पार्षद बेनलाल कापा मारो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मानव अधिकार छ.ग. , नरेश कुर्रे प्रदेश सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, रनिया देवी नांदघाट ब्लांक अध्यक्ष मानव अधिकार महिला प्रकोष्ठ, भागीरथी मिली नगर पंचायत पार्षद मारो, भागवत भारती पूर्व पार्षद मारो,तथा बेमेतरा जिले के वरिष्ठ पत्रकार साथियों का आगमन पर कार्यक्रम का फिता काट नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया ।

### खेत में बुआई कर रहे लोगों से मारपीट

**महासमुंद** । खेत में बुआई कर रहे लोगों से कुछ लोगों ने मारपीट की। भलेसर निवासी सेतराम सिन्हा (60) ने पुलिस को बताया कि बीते शुक्रवार को वह अपने खेत में बुआई कर रहा था। उसी दौरान आमा भर्री सोर्रा चक में करीब 1 बजे घेवर, चुम्मन, ताराचंद ने एकराय होकर उनसे, उनकी पत्नी व पुत्र से मारपीट की। आरोपयों ने टंगिया व लोहे के रॉड से भी वार किया। आरोपियों ने उन्हें जान की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### रथयात्रा पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था

**महासमुंद** । सर्व हिंदू समाज द्वारा रथयात्रा पर नेहरू चौक में श्रद्धालुओं के लिए जलपान, चाय एवं शरबत की व्यवस्था की गई थी। रथयात्रा में धुमाल पार्टी की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान बिपिन बिहारी महंती, शांतनु महंती, शंभू महंती, बिरेन्द्र महंती, राम प्रसाद महंती, भरत चन्द्राकर, अग्रज शर्मा, गुरुबचन सिंग, येतेन्द्र राव, अखिलेश राव, अखिलेश लूनिया, आनंद साहू, नरेश नायक, कान्हा प्रधान, सुमन सेंद्रे,चांदनी साहू, दीपाली अग्रवाल, दीक्षा चंद्राकर, कशिश पटेल, ऋचा चंद्राकर, रितु सिन्हा, काजल साहू, तनुजा सेन, करीना जोशी, प्रीति, झरना, जाह्नवी, गुंजा, समीक्षा आदि उपस्थित रहे।

# खाद्य की हो रही समस्याओं को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम



जोहार छत्तीसगढ़- सीतापुर।

आपको बता दें कि सीतापुर क्षेत्र के अंतर्गत राजापुर में लगातार खाद की समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही जिससे किसान अपनी खेती में खाद्य ना मिलने से परेशान हैं जिसमें 2 जुलाई को सैकड़ों किसान खाद लेने समिति पहुंचे जहां खाद ना मिलने पर उन्होंने सीतापुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें एसडीएम ने 3 दिन के अंदर खाद की समस्या का आश्वासन दिया था परंतु तीन दिवस बीतने के बाद भी खाद ना मिलने से आज सैकड़ों किसान सीतापुर तहसील कार्यालय के सामने सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए जहां सैकड़ों किसानों ने भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में तहसील कार्यालय के सामने सड़क चक्का जाम कर दिया और तुरंत खाद की समस्या निराकरण की मांग रखी तो वहीं छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई किसानों की भीड़ को समझाते हुए पुलिस प्रशासन व सीतापुर प्रशासन ने सूझबूझ के साथ जाम को हटवाया ।

# बिरनडबरी में एकल शिक्षक से बच्चों की पढाई प्रभावित

## इकलौता शिक्षक भी ज्यादातर रहता अनुपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।



बसना क्षेत्र के बिरनडबरी गांव में संचालित प्राथमिक शाला एक शिक्षक के भरोसे है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसा कहना है बसना ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिरनडबरी के ग्रामीणों। ग्रामीणों ने शिक्षक की मांग को लेकर कलेक्टर जनचौपाल में आज ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों द्वारा शिकायत पत्र में उन्होंने बताया है कि शाला में विद्यार्थियों की संख्या कुल 62 है जिन्हें पढ़ाने के लिए यहां एक शिक्षक ही पदस्थ हैं जिसके चलते उनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। क्योंकि पदस्थ शिक्षक ज्यादातर समय स्कूल में सरकारी कार्य में व्यस्त रहते हैं और उनकी अनुपस्थिति में बच्चे करने की बजाए कक्षा में खेलते हैं या फिर अपनी मर्जी से जो अच्छा लगता है वो करते हैं। ऐसे में उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रुप से कन्हैया चौधरी, बसंती, शौकीलाल, लालाराम और केआर चौधरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शराब बिक्री की रकम 47 लाख 63 हजार 880 रूपये सरायपाली के चेस्ट सेंटर से पार

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

**बंदूकधारी गार्ड सहित 3 कर्मी संदेह के दायरे में**

जिले के सरायपाली में सीएसएमसीएल की मदिरा दुकानों की रकम 47 लाख 63 हजार 880 रूपये कलेक्शन सेंटर के चेस्ट रूम की लॉकर से किसी ने पार कर दिया। इसकी शिकायत पुलिस में करते हुये चेस्ट रूम के गनमैन डोमन लाल वर्मा व प्रज्वलित (लाला) और घनश्याम साहू पर संदेह व्यक्त किया गया है। महासमुंद जिले में टॉप सिक्यूरीटि एण्ड फैसिलिटी मैनेजमेंट कंपनी के जिला समन्वयक प्रवेश कुमार जैन ने पुलिस को की गई लिखित शिकायत में बताया कि कंपनी द्वारा मदिरा दुकान की बिक्री रकम को संग्रहित कर बैंक में जमा करने का कार्य किया जाता है। महासमुंद में मदिरा बिक्री की राशि महासमुंद तथा सरायपाली मे कलेक्शन की रकम को चेस्ट में रखने का कार्य सरायपाली स्थित पुरानी बस्ती की रखा जाता है। उक्त कार्यालय में बिते 12 जून और 13 जून को मदिरा बिक्री की नगद राशि 47 लाख 63 हजार 880 रूपये को चेस्ट कारागार में लॉकर में रखा गया था। 14 जून को पता चला कि उक्त राशि को किसी के द्वारा लॉकर का ताला खोलकर उक्त रकम को पार कर दिया गया है। कलेक्शन सेंटर में कलेक्शन की उक्त राशि की सुरक्षा हेतु बंदूक धारी गार्ड डोमन लाल वर्मा व सिक्यूरिटी गार्ड मनोहर पटेल को तैनात किया गया था। रकम कलेक्शन का कार्य कंपनी की ओर से रकम कलेक्शन का कार्य प्रज्वलित सिंह व घनश्याम द्वारा किया जाता था। तथा उक्त राशि को बैंक में जमा करने का कार्य परसू राम द्वारा किया जाता था। इसी तरह अर्जुन सुराना द्वारा दुकानों से लाये गया रकम व बैंम में जमा कुल रकम की जानकारी महासमुंद आफिस में किया जाता था।

प्रवेश जैन के अनुसार 14 जून को रात सवा 1 बजे अर्जुन सुराना द्वारा फोन से जानकारी दी गई जो राशि चेस्ट रूम के लॉकर में रखी गई थी उसे लॉकर का ताला खोलकर किसी के द्वारा निकाल लिया गया है। पश्चात प्रवेश ने 3 बजे सरायपाली जाकर देखा व सभी से बातचीत करने पर उसे बताया गया कि सभी स्टाफ घनश्याम, परसूराम, प्रज्वलित सिंह, मनोहर, पिकू, असिम और मनीष के साथ घनश्याम के घर उसके जन्म दिन के कार्यक्रम में गये हुये थे। जाने से पहले गार्ड डोमन लाल को इसकी जानकारी दे दी गई और 8.30 बजे रात में सभी लोग चेस्ट रूम से डोमन वर्मा को गेट लॉक करने के लिये कह कर निकल गये। लेकिन डोमन लाल द्वारा गेट लॉक नहीं किया गया। पार्टी के बाद रात लगभग 1 बजे प्रज्वलित सिंह घनश्याम के घर से जन्म दिन की पार्टी मनाकर वापस चेस्ट रूम पहुंचा तो प्रज्वलित सिंह गेट के बाहर सोया था और गनमैन डोमन लाल वर्मा अंदर सोया था। जबकि चेस्ट रूम का दरवाजा खुला था।

# सरभोका डैम मे तैरता मिला युवती का शव

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।



आप को बता दे कि नागपुर के ग्राम सरभोका डेम में युवती का तैरता शव मिलने से सनसनी फैल गया ग्रामीणों के द्वारा पुलिस चौकी नागपुर को सूचना दी गई कि ग्राम सरभोका डैम में युवती का शव तैरता हुआ पानी के एक किनारे पर दिखाई दे रहा है जिस पर नागपुर चौकी और पोड़ी थाना की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मौका का जायजा लिया तो पता चला कि शव नाबालिक युवती कुमारी आरती जैसवाल का है परिजनों के समक्ष डैम के पानी से ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और मौके पर ग्रामीणों के बीच पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।

पुलिस थाना प्रभारी पोडी के द्वारा परिजनों से पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह वियान्नी हाई सेकेंडरी स्कूल सरभोका में कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तरिण कर अपना रिजल्ट लेने के नाम से घर से अपने परिजनों से पैसा लेकर नाबालिक युवती कुमारी आरती अपने घर से आई थी। पुलिस अवि विवेचना में लेते हुए जांच में जुटी है।

### 80.89 फीसद चिह्नांकित बच्चों को टीके का पहला डोज

**महासमुंद** । । 12-14 आयु वर्ग के बच्चों का 16 मार्च राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के दिन से शुरू हुए बच्चों के टीकाकरण अभियान के तहत स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश लगने तक लगभग 65 फीसदी बच्चों को पहले डोज का टीका लगा लिया गया था और लगभग 5 फीसदी बच्चों को टीका अवकाश के दौरान विभिन्न टीकाकरण सेंटर्स पर लगाया गया। अब 15 जून से स्कूल दोबारा संचालित होने के 15 दिन के भीतर ही 10 फीसदी बच्चों को कोरोना टीके का पहला डोज लगा लिया गया है। इसी के साथ जिले के 80.89 फीसद चिह्नांकित बच्चों को टीके का पहला डोज लग गया। बता दें कि महासमुंद जिले में कुल 52 हजार 633 बच्चों को कोरोना का टीका लगाया जाना है, जिनमें से 1 जुलाई तक 42 हजार 574 को पहला और 27 हजार 454 यानि 52 फीसदी को दूसरी डोज लगाई गई।

# जनता ही सर्वोपरि रही ढाई साल के कार्यकाल में- प्रकाश चंद्राकर

## प्रेस से मुखातिब हुये अपदस्थ पालिकाध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।



नगर पालिका अध्यक्ष रहते पिछले ढाई सालों के कार्यकाल में जनता को बेहतर व्यवस्था देने का पूरा प्रयास किया गया। कुछ पार्षदों के असंतोष के कारण हमें नगर की सत्ता गंवानी पड़ी। इन ढाई वर्षों में मेरे किसी भी कार्य से जनता को कोई नाराजगी हुई हो तो मैं खेद प्रकट करता हूं। उपरोक्त बातें आज भाजपा नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष रहते आम जनता को सड़क, पानी देना, मुख्यमार्ग पर सेंटर पोल लाइट सहित नागरिकों की हर आवश्यकता को पूरा करना अपना ध्येय रखा। इन सब कार्यों को पूरा करने भाजपा नेताओं का पूर्ण सहयोग मिला। पूर्व नपाध्यक्ष व वार्ड 17 के पार्षद श्री चंद्राकर ने कहा कि नगर पालिका परिषद में भाजपा का बहुमत होते हुए भी असंतुष्ट पार्षदों को हम मना नहीं पाए जिसके चलते सत्ता गंवानी पड़ी। वे बतौर पार्षद जनता के कार्यों के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा चुनेगी उनका पूरा सहयोग करेंगे और शहर पानी, बिजली जैसी मूलभूत बहुत से विकास कार्य कराए गए। विकास में अपना पूर्ण सहयोग सुविधाएं देने के लिए उन्होंने जी सबसे महत्वपूर्ण शहर की 80 देंगे। प्रेसवार्ता में पार्षद देवीचंद जान से कोशिश की इस दौरान हजार आबादी को तीन समय राठी, संदीप घोष मौजूद थे।

# कलेक्टर हरिस.एस की अध्यक्षता में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़- सुकमा।



सुकमा जिला में नव पदस्थ कलेक्टर हरिस.एस ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पहली समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों से जिले में चल रही शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि सुकमा जिला के विकास में अच्छे प्रयास हुए है, हमें इन प्रयासों को और बेहतर करना है। शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाने में सभी विभागों का समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिले को विकास पथ पर बढ़ाने के लिए तत्परता से कार्य किया जायेगा। किसी विभाग को कार्य क्षेत्र में कोई भी समस्या आने पर समन्वय अवश्य स्थापित करें, ताकि समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जा सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डीएन कश्यप, एसडीएम कोंटा बनसिंह नेताम, एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम, सहित सर्व तहसीलदार एवं विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

कलेक्टर हरिस.एस ने विभागवार समीक्षा के दौरान पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाती कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग आदि के जिला प्रमुखों से चर्चा की और जिले में संचालित कार्यों का संज्ञान लिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने एएनसी पंजीयन, आयुष्मान भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्ड पंजीयन, साप्ताहिक डिलीवरी, मलेरिया मुक्त अभियान की प्रगति के साथ ही जिले में कोविड टीकाकरण की प्रगति का संज्ञान लिया। इस दौरान उन्होंने कहा की जिले में 12 से 14 एवं 15 से 18 वर्ष तथा 18 से अधिक के आयु वर्ग के बच्चो के कोविड टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत वार एवं स्कूल/आश्रम वार रोस्टर तैयार कर स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजे। इसी प्रकार मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक की प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने मातृत्व वंदना योजना, भगिनी प्रसूति योजना, कौशल्या माता योजना आदि योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा की पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने राजीव युवा मितान क्लब के गठन एवं नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज, जल जीवन मिशन, आधार पंजीयन, वन अधिकार प्रमाण पत्र वितरण आदि के संबंध में जानकारी ली। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सहित जिले में किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्य को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करने को कहा।

# गौठानो में लाखों रुपये खर्च, फिर भी मवेशी एक भी नही

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी गौठान योजना का हाल बेहाल है. ज्यादातर गौठानो की उपयोगिता और गुणवत्ता दोनो शून्य है. कोटा ब्लॉक के आदर्श गौठान ही जब बदहाल हो चुका है तो फिर अन्य पंचायतों में बने गौठानो की बात क्या करे. सरकार ने अपने इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत गांव गांव में गौठान का निर्माण अच्छे मानसिकता से किया ताकि गांव के मवेशियों को एक ही स्थान पर सुरक्षित रखा जा सके उन्हें चारा उपलब्ध कराया जा सके और उनका देख भाल भी हो. इसके लिए करोडो रूपये गौठान निर्माण के नाम पर खर्च किये गये. कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत खैरा,मोहदा, बारीडीह, कंचनपुर,दारसागर ,बानाबेल में गौठान बनाये गये लेकिन गौठान बनाने का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सका निर्माण एजेंसियो एवं जिम्मेदार अधिकारियो ने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं को अपने पाकेट भरने की योजना बनाकर रख दिया.अधिकतर गौठान तो खाली है लाखों खर्च कर गौठान तो बना दिये गये है लेकिन बनाये गये गौठानों में एक भी मवेशी दिखाई नही देता. पंचायत प्रतिनिधि भी इस दिशा में ध्यान नही देते कि अपने गाँव क्षेत्र में बनाये गये गौठानों में गाँव क्षेत्र के मवेशियों को ले जाकर रखा जाये जहाँ उन्हे चारा पानी मिल सके लापरवाही के कारण ही लाखों खर्च करने के बाद भी गाँव के गौठान सूने पडे है सिर्फ गोठान का बोर्ड लगा हुआ है और अंदर एक भी मवेशी नही दिखाई देते. साथ ही दारसागर बारीडीह, मोहदा के गौठान में मवेशियों के पीने के लिए बनाये गए पानी टँकी भी जर्जर हो चुका हैं जो सही है उसमें बारिश का पानी भरा है जिसमें मेंढक व काई लग चुका है यही कारण है कि न तो गौठान निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल रखा गया



और न ही स्थलचयन का गांव के ग्रामीण अब ऐसे गौठानो में अपने पशुओं को नही लाते. फिर ब्लॉक में इस योजना के नाम पर खुद की पीठ थप्प थपाने के सिवाये कोई बड़ा कारण नहीं नजर आता.

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटा के कंचनपुर में आदर्श गौठान में मुख्यमंत्री के आने की चर्चा अधिकारियों द्वारा की जा रही हैं इसको देखते हुये गौठान को पूरी तरह से तैयार किया गया है लेकिन बाकी गौठान की हालत खराब हैं गौठानो की हालत देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि पैसों का कैसे बंदरबाट हुआ होगा.

## दिखावे का गौठान

जब भी कोई अधिकारी या नेता गौठान देखने आता है तो उनके आने से पहले गौठान को तैयार किया जाता है मवेशी लाकर बांधे जाते है और कुछ ग्रामीणों को भी वहाँ उपस्थित रखा जाता है ताकि सब कुछ देखने वालों को बेहतर नजर आय और कार्यक्रम के बाद फिर से गौठान अपनी पुरानी रंगत में लौट जाता है.कुल मिलाकर गौठान सिर्फ दिखावे के गौठान बन कर रह गये है द्य

## यातायात का रोका-छेंका कर रहे मवेशी

सरकार द्वारा नरवा, घुरवा, गरवा अऊ बारी योजना चलाया जा रहा है, जिसमें भारी भरकम निवेश किया जा रहा है, लेकिन इस योजना को मैदानी स्तर पर आमजन पलीता लगाने से नहीं चूक रहे हैं बारीडीह, कंचनपुर, बानाबेल गांव की गलियों से नेशनल हाइवे तक मवेशियों का कब्जा है और इसके लिए बनाए गए गौठान का कहीं औचित्य नजर नहीं आ रहा है. सरकार द्वारा मवेशियों को खेतों तक पहुंचने से रोकने रोका-छेंका अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन मवेशियों को देखकर यह योजना भी कारगर होते नजर नहीं आ रही.

## हरिओम द्विवेदी सीईओ जनपद पंचायत कोटा

*अभी मवेशियों बाहर घूम रहे हैं बरसात शुरू होते ही मवेशियो मालिकों के द्वारा पकड़ कर लाया जायेगा ,जिस गौठान में पानी टंकी जर्जर हैं उसे देखवाता हूँ उसमे सुधार किया जायेगा।*

## एक नजर

### तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर एक की मौत दो गंभीर

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।





रफ्तार का कहर ,सीतापुर मैं nh-43 पर बाइक और पिकअप में हुई जोरदार भिड़ंत जिसमे बाइक सवार तीन युवकों में एक अमित तिग्गा धर्मपुर निवासी की मौके पर ही मौत और दो आकाश तिर्की व ईशा तिग्गा गंभीर रूप से घायल है घायलों को आनन-फानन में सीतापुर अस्पताल में किया गया भर्ती आपको बता दे कि सीतापुर के सोनतराई के पास NH 43 में पिकउप और बाइक जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमे बाइक में तीन लोग सवार थे जिसमें एक कि मौके पर ही मौत हो गयी जिसमे दो गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको तुरंत सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया तो वही पिकअप चालक मौके से ही फरार हो गया लगातार सीतापुर में रफ्तार का कहर कम होने का नाम ही नही ले रही रोज लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे है।

### बरबसपुर में गौठान प्रबंधन समिति एवं महिला समूह को दिया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



सुराजी गांव योजना नरवा, गरवा, घुरवा अउ बाड़ी के अन्तर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अनेक कार्य संपादित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम बरबसपुर कलस्टर मे आने वाले संबंधित गौठान, के गौठान प्रबंधन समिति, महिला स्व सहायता समूह, सचिव, सरपंच एवं समस्त ग्रामवासी को मास्टर ट्रेनर, मुख्यवक्ता एस. के. मानिकपूरी (आरएईओ) सह वक्ता . एस. एस. अनंत (आरएईओ) द्वारा ट्रेनिंग दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रुप से महिला स्व-सहायता समूह को आत्म निर्भर कैसे बनायें इस पर प्रकाश डाला गया।

# कृषि मंडियों में भार साधक समितियों के नव नियुक्त सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा जिला के कृषि उपज मंडी समिति कोंटा के नव नियुक्त भारसाधक समिति के सदस्यों ने आज शपथ ग्रहण किया। संचालक, कृषि विपणन शाखा रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार भारसाधक समिति में सुक्का सिंह नाग अध्यक्ष एवं सोयम भीमा उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। बली यादव, रामधर कश्यप, सोढ़ी जोगा, शाहिदा भास्कर एवं राजेश तापिया समिति के सदस्य नियुक्त किए गए हैं। कृषि उपज मंडी के सचिव श्रवण कुरुवंशी ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी एवं सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने समिति के सदस्यों को फूल माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की सभी 69 कृषि उपज मंडी समितियों में भार साधक अधिकारियों के स्थान पर भार साधक समितियों की नियुक्तियां कर दी गई हैं। प्रत्येक समिति में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष तथा 5 सदस्यों समेत कुल 07 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संचालक, कृषि विपणन, रायपुर द्वारा इन भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। भार साधक अधिकारियों के माध्यम से संचालित हो रहे कार्यों का संचालन अब समितियों के माध्यम से होगा।

# अवैध शराब के खिलाफ भारत माता वाहिनी ने खोला मोर्चा, कलेक्टर से की सुरक्षा की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



अवैध शराब की बिक्री को लेकर आज ग्राम पंचायत लोहारडीह की भारत माता वाहिनी और ग्राम पंचायत की सदस्य कलेक्टोरेट पहुंच अपनी शिकायत दर्ज कराई। और मांग की कि भारतमाता वाहिनी सदस्यों को सुरक्षा देने के साथ अवैध शराब बिक्री करने ऽ वालों पर कार्रवाई की जाए।

कलेक्टोरेट पहुंचीं भारत माता वाहिनी और ग्राम पंचायत की एक सौ से अधिक महिलाओं ने शिकायत पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत में लोहारडीह सहित ग्राम उलट कोडार, परसापानी में अवैध शराब निर्माण, बिक्री के साथ ही शराब दुकान से भी शराब लाकर अवैध बिक्री की जा रही है। जिससे गांव की युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। साथ ही लोगों के घर परिवार बर्बाद हो रहे हैं। इस संबंध में कई बार तुमगांव पुलिस सहित एसपी को भी कार्रवाई के लिए मांग की गई है। बावजूद अब तक कार्रवाई शून्य है। जिससे अवैध शराब बेचने वालों की हिम्मत बढ़ने से वे भारत माता वाहिनी संघ और सरपंच-पंच को गाली देने, देख लेने की धमकी दी जाती है। महिलाओं ने अपनी सुरक्षा प्रदान करने और शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# रोजगार मेला में युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

कुम्हरारास स्थिति जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में 80 युवाओं ने भाग लिया। साथ ही 50 युवाओं को ग्राहक सेवा केन्द्र में वीएलई के रूप में जिले के विभिन्न क्षेत्रों मे कार्य के लिए काउंसिलिंग किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और जिला अंत्यावसायी विभाग द्वारा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा निर्धारित ऋण योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।इस रोजगार मेला में जिला कौशल विकास प्रधिकारण के सहायक संचालक



डोनेश साहू, सावी अग्रवाल, ग्राहक सेवा केन्द्र के सहायक संचालक भरत कामले, जिला उद्योग व्यापार केन्द्र, अंतव्यवसायी विभाग तथा रोजगार कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# जन-चौपाल के दौरान कलेक्टर हुए लोगों से हुए रु-ब-रु

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज मंगलवार को कलेक्टर जनचौपाल के दौरान जिले के दूर-दराज के गांवों से आवेदन के साथ पहुंचे आम नागरिकों की समस्या और शिकायतों को बारी-बारी से गंभीरता के साथ सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय के दृष्टि-सभाकक्ष में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली कलेक्टर जन-चौपाल में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए।



कलेक्टर जन चौपाल में नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 01 के निवासी भागवत रात्रे ने राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत आवासीय मकान का अधिकार पट्टा दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम कन्हेरा के प.ह.न. 02 के ग्राम वासियों द्वारा प्रधानमंत्री रबी फसल बीमा योजना के तहत क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिए। विकासखण्ड नवागढ़ निवासी श्रीमती सरोजबाई ने सुखद सहारा पेंशन योजना के तहत विगत वर्ष से आज तक रुके हुए पेंशन राशि दिलाये जाने के संबंध में, ग्राम रनबोड़ के समस्त ग्रामवासियों द्वारा चाकापेंडा प्रतापपुर मुख्यमार्ग के लिए तोड़े गये मकान की क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम पंचायत मजगांव के समस्त ग्रामवासियों कृषकों के द्वारा ओलावृष्टि से हुए रबी फसल खराब की क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिए। इसके अलावा राशन कार्ड बनवाने, विधवा पेंशन दिलवाने, आबादी पट्टा दिलवाये जाने आदि से संबंधित आवेदन जनचौपाल में दिए।

जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समय-सीमा पर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें, जिन समस्याओं का निराकरण प्रशासन स्तर से संभव है उन्हें प्रशासनिक स्तर पर तथा जिन समस्याओं के निराकरण में राज्य शासन द्वारा मार्गदर्शन की जरूरत है वहां पर राज्य शासन से मार्गदर्शन लेकर समस्याएं हल कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को सूचना दी जाए।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

**वेतन योग्यतानुसार**

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो. 7489419194,9479177711, 7879121221


# बलराम सिंह ठाकुर के जन्म जयंती पर भाजपा परिवार ने दिया श्रंद्धाजली

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेरला ब्लॉक के अंतर्गत सिलघट पंचायत के पूर्व सरपंच पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ठाकुर की 4 जुलाई जन्मजयंती के अवसर पर सर्वप्रथम भाजपा परिवार ने उनके तैलय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर श्रंद्धाजली दिया व पश्चात ग्राम पंचायत सिलघट के प्राथमिक शाला स्कूल में बच्चे लोगो को कॉपी पेन व चाकलेट वितरण वही शाला परिसर पर वृक्षारोपण व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में फल वितरण किया गया।



पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने बताया हमारे आदरणीय हमेशा पार्टी संगठन को लेकर कार्यकर्ताओ की बात को सर्वोपरि मानकर विकास के पैमाने में कार्य करते थे।बेरला ब्लॉक व हमारे विधानसभा के लिए हमारे कुशल संगठक व मार्गदर्शक थे।उनके सरपंच व भाजपा मंडल अध्यक्ष स्मरणीय कार्यकाल के लिए जाना जाता है व महत्वपूर्ण है जिससे उनको सदा याद किया जाएगा।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू वरिष्ठ नेता प्रीतम चंदेल,संजीव तिवारी डोमेन्द्र राजपूत नीरज राजपूत, अरविंद ठाकुर, बीरेंद्र साहू, बीरेंद्र वर्मा ईश्वर साहू ,मंशा निषाद, परदेशी साहू,घनश्याम साहू,मिलाप साहू,नोहर साहू,हेडमास्टर साहू सर,शिक्षक मयंक सिंह ठाकुर सहित अन्य स्कूल स्टाफ व भाजपा परिवार उपस्थित थे।

# शासन की योजनाओं का करें बेहतर क्रियान्वयन-कलेक्टर शुक्ला

## नवपदस्थ कलेक्टर ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नव पदस्थ कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के दृष्टि-सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। सर्वप्रथम अधिकारियों से परिचय प्राप्त उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। इस दौरान उन्होने अधिकारियों से जिले में संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं का विभागवार जानकारी ली और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिलाधीश ने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले इस दिशा में अधिकारी परस्पर समन्वय से कार्य करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होने जिले मे विकास के गति को आगे बढ़ाने के संबंध में कहा कि शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन पर फोकस रहेगा साथ ही प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर जिलेवासियों को लाभांवित करने पर जोर रहेगा। उन्होने कहा कि गौठानों को आजीविका गतिविधियों का केन्द्र बनाकर ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने के कार्यों को भी लगातार संचालित किया जायेगा। इस दौरान उन्होने खाद्य विभाग को पात्र हितग्राहियों के पात्रतानुसार राशनकार्ड बनाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के विधानसभावार प्रस्तावित भेंट-मुलाकात दौरा कार्यक्रम के तैयारियों की जानकारी ली। उन्होने कहा कि सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र पूर्ण कर लेवें। उन्होने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों के साथ बेहतर संचालन किया जाये। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश एवं स्टाफ की भर्ती के संबंध में जानकारी ली। जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, किसानों से जुड़ी समस्याओं के अलावा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दी जायेगी। शासन के कृषि आधारित योजना का लाभ किसानों तक अवश्य पहुंचे। उन्हे खाद-बीज का सामना न करना पड़े। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कोविड टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। फ्रंट लाईन वर्कर्स को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी से हाई/हायर सेकण्डरी स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत टीकाकरण पर विशेष रुप से जोर दिया साथ ही स्कूली बच्चों के आय एवं जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी ली। सीएमओ से जिले के नगर पंचायतों में धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर के संचालन के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि नागरिकों को किफायती दर पर दवा उपलब्ध हो।

कृषि विभाग के अधिकारियों से अधिक दर पर खाद की बिक्री की शिकायत मिलने पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप सचालक कृषि ने बताया कि जिला स्तर पर एक टीम गठित है जो समय-समय पर खाद एवं दवा दुकानों का निरीक्षण करते हैं। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक से जिले में निराश्रित पेंशन के संबंध में जानकारी ली और समय पर इसका भुगतान करने के निर्देश दिए। खेल अधिकारी से राजीव युवा मितान क्लब के संबंध में जानकारी ली। खेल अधिकारी ने बताया कि जिले में 450 राजीव युवा मितान क्लब का गठन कर लिया गया है। जनपद पंचायत के सीईओ से रोका-छेका अभियान के संबंध में जानकारी ली।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in